NEWS CLIPPING: 10.03.2018

AMARUJALA

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव आज से

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक युवा उत्सव की शुरुआत शनिवार से होने जा रही है। 10-11 मार्च को आयोजित होने जा रहे इस युवा उत्सव में विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालय के 100 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे। यह तीसरा उत्सव है जिसे विश्वविद्यालय के साहित्यिक गतिविधियों के लिए बनाए गए विद्यार्थी क्लब 'अनन्या' द्वारा आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, सभागार में आयोजित होने वाले युवा उत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। दो दिवसीय वाद-विवाद गतिविधियों के इस आयोजन के लिए एक मॉक पार्लियामेंट (बनावटी संसद) को तैयार किया गया है। सभी प्रतिभागी सांसदों की भूमिका में रहेंगे। प्रतिभागी इस बनावटी संसद की कार्यवाही के लिए तैयार एजेंडे पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

100 से ज्यादा प्रतिभागी लेंगे हिस्सा, विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

इस संबंध में जानकारी देते हुए डा. सोनिया बंसल ने बताया कि उत्सव के दौरान संसद में वाद-विवाद के लिए तैयार एजेंडे की विषय वस्तु पहले ही प्रतिभागियों को दे दी गई है। प्रत्येक एजेंडे के लिए दो-तीन व्यक्तियों का एक निर्णायक पैनल रहेगा। विजेता का निर्णय प्रतिभागियों द्वारा दो दिनों की परिचर्चा के आधार पर किया जाएगा। दो दिन के उत्सव में चर्चा के मुख्य एजेंडे में देश की शिक्षा प्रणाली की समीक्षा, देश में भूमि अधिग्रहण मुद्दा, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण शामिल हैं। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 10.03.2018

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव आज से

फरीदाबाद|वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से 10 और 11 मार्च को युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कालेजों एवं विश्वविद्यालयों के 100 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। दो दिनी इस आयोजन के लिए एक मॉक (बनावटी) संसद को तैयार किया गया है। जहां सभी प्रतिभागी सांसदों की भूमिका में रहेंगे और संसद की कार्रवाई के लिए तैयार एजेंडे पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यूनिवर्सिटी के डॉ. सोनिया बंसल के मुताबिक उत्सव के दौरान संसद में वाद-विवाद के लिए तैयार एजेंडे की विषय वस्तु पहले से ही प्रतिभागियों को दे दी गई है। प्रत्येक एजेंडे के लिए दो-तीन व्यक्तियों का एक निर्णायक पैनल रहेगा। विजेता का निर्णय प्रतिभागियों द्वारा दो दिन की परिचर्चा के आधार पर किया जाएगा। उत्सव में चर्चा के मुख्य एजेंडे देश की शिक्षा प्रणाली की समीक्षा, भूमि अधिग्रहण मुद्दा, महिला सुरक्षा तथा महिला सशक्तिकरण आदि है।

NEWS CLIPPING: 10.03.2018

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए विश्वविद्यालय का दो दिवसीय युवा उत्सव

उत्सव में 100 से ज्यादा प्रतिभागी लेंगे हिस्सा, विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

फरीदाबाद, 9 मार्च (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा 10 एवं 11 मार्च 2018 को युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक रूप से आयोजित किये जाने वाले युवा उत्सव का यह तीसरा संस्करण है जिसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी क्लब अनन्या जोकि साहित्यिक गतिविधियों के लिए है, द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उत्सव में विभिन्न कालेजों एवं विश्वविद्यालयों से 100 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले युवा उत्सव के उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहेंगे तथा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो नरेश चौहान की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

दो दिवसीय वाद-विवाद गतिविधियों के इस आयोजन के लिए एक मॉक बनावटी संसद को तैयार किया गया है। जहां सभी प्रतिभागी सांसदों की भूमिका में रहेंगे और इस संसद की कार्यवाही के लिए तैयार एजेंडे पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ सोनिया बंसल ने बताया कि उत्सव के दौरान संसद में वाद-विवाद के लिए तैयार एजेंडे की विषय वस्तु पहले ही प्रतिभागियों को दे दी गई है। प्रत्येक एजेंडे के लिए दो-तीन व्यक्तियों का एक निर्णायक पैनल रहेगा और विजेता का निर्णय प्रतिभागियों द्वारा दो दिनों की परिचर्चा के आधार पर किया जायेगा। दो दिन के उत्सव में चर्चा के मुख्य एजेंडे देश की शिक्षा प्रणाली की समीक्षाए देश में भूमि अधिग्रहण मुद्दाए महिला सुरक्षा तथा महिला सशक्तिकरण शामिल हैं।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 10 March 2018
epaper.punjabkesari.in//c/2695638